पेज थ्री देहरादून

देहरादून शनिवार 23 मई 2020





केंद्र एवं प्रदेश भाजपा सरकार के खिलाफ धरना देते हुए कांग्रेसी।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्र एवं प्रदेश भाजपा सरकार के खिलाफ दिया धरना

**संवाददाता** देहरादून। केन्द्र सरकार की श्रमिक कानून में बदलाव व निजीकरण के विरोध में उत्तराखंड संयुक्त ट्रेड यूनियन्स के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने केंद्र एव प्रदेश भाजपा सरकार के खिलाफ धरना दिया और विरोध दिवस मनाया। आज उत्तराखंड संयुक्त ट्रेड यूनियन्स के तत्वावधान में कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह एवं इंटक के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में इकटठा हुए और वहां पर श्रमिक कानून में किये गये बदलाव व निजीकरण सहित अनेक समस्याओं के समाधान के लिए धरना दिया।

### लॉकडाउन में कार्य करने वाले दुकानदारों को किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। क्रेजी वारियर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने लॉकडाउन में कार्य करने वाले दुकानदारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्रेजी वारियर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अक्षत जैन के अनुसार कोरोना वायरस के कारण उत्पन्न आपातकाल जैसी परिस्थितियों में जिन दुकानदारों ने अपनी दुकानें खोलकर स्वयं को खतरे में डालते हुए समाज की जरूरत की चीजों को उपलब्ध कराया तथा किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होने दी वह दुकानदार सम्मान के अधिकारी हैं।

### श्रम कानूनों में बदलाव के विरोध में पीपुल्स फोरम उत्तराखंड का धरना जारी

**संवाददाता** देहरादून। श्रम कानूनों में बदलाव किये जाने के विरोध में पीपुल्स फोरम उत्तराखंड का धरना 10 वें दिन जारी रहा। फोरम के संयोजक जयकृत कंडवाल अपने घर पर ही धरने पर रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रम कानून के साथ साथ जिस प्रकार केंद्र की मोदी सरकार व भाजपा शासित प्रदेश सरकारें जिस प्रकार मजदूरों के कानून के साथ जितनी शीघ्रता से तोड़ने का काम कर रही हैं, उससे साफ झलकता है कि भाजपा श्रमिकों व किसानों के हितों की बात कहने वाली पार्टी है इसके उल्टा इनका आचरण रहा है।

### अमेजन इंडिया 50,000 सीजनल नियुक्तियों के अवसर लेकर आया

**संवाददाता** देहरादून। भारत वर्तमान में जारी कोविड–19 महामारी से लड़ने के लिये सामाजिक दूरी का पालन कर रहा है। ऐसे में, अमेजन इंडिया को पक्का विश्वास है कि लोगों को अनिवार्य सेवा प्रदान करने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है, ताकि लोगों को अपने घर से निकले बिना अपने परिवारों के लिये जरूरी चीजें मिल सकें। उसके फुलफिलमेन्ट सेंटर्स और डिलीवरी नेटवर्क में विभिन्न नियुक्तियाँ होगी।

## उत्तराखंड में कोरोना के पांच नए मामले आए सामने

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार दोपहर तक पांच और नए मामले सामने आए। इसमें दो ऋषिकेश, दो उधमसिंह नगर और एक हरिद्वार का है। ऋषिकेश एम्स में गर्भवती महिला समेत तीन लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है, जिनमें दो ऋषिकेश के निवासी हैं। वहीं, एक दबकी कला लक्सर(हरिद्वार) का रहने वाला है। ऋषिकेश निवासी गर्भवती महिला और दूसरा शख्स कुछ दिन पहले ही उत्तराखंड पहुंचे थे। ऋषिकेश नगर निगम में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले लगातार मामले बढ़ते जा रहे हैं। एम्स से शुक्रवार को मिली रिपोर्ट में ऋषिकेश के दो और हरिद्वार के एक बच्चे की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें कोरोना संक्रमित सात साल का बच्चा दबकी कला लक्सर(हरिद्वार) का रहने वाला है। एम्स के कोविड–19 नोडल अधिकारी डॉ. मधुर उनियाल ने बताया कि सुमन विहार बापूग्राम ऋषिकेश निवासी 53 वर्षीय एक पुरुष और बैराज कॉलोनी वीरभद्र रोड ऋषिकेश निवासी 30 वर्षीय एक महिला कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। वहीं, पौड़ी जिले के पाबौ ब्लॉक के पीपली गांव में होम क्वारंटाइन में रह रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। वह 10 मई को गाजियाबाद से लौटा था। आपको बताते चलें कि पौड़ी जिले में क्वारंटाइन सेंटर में यह तीसरी मृत्यु है।

# चारधाम देवस्थानम बोर्ड में सबका रखा जायेगा ध्यान

**कोरोना संकट**

उत्तराखण्ड के मन्दिरों की प्राचीन शैली इसकी विशिष्टता हैः सीएम | 10 करोड़ रूपये की धनराशि की स्वीकृति

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्ड चारधाम देवस्थानम प्रबन्धन बोर्ड की पहली बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वभर में उत्तराखण्ड आध्यात्म का केन्द्र है। उत्तराखण्ड के मन्दिरों की प्राचीन शैली इसकी विशिष्टता है। इसको बनाये रखने के लिए यह सुनिश्चित किया जाय कि मन्दिरों का प्राचीन स्वरूप बना रहे। जो लोग मन्दिरों के ऑनलाइन दर्शन करना चाहते हैं, उन्हें मन्दिर परिसर के ऑनलाइन दर्शन एवं ऑडियो के माध्यम से पूजा–अर्चना करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही इसमें धार्मिक मान्यताओं का भी पूरा ध्यान रखा जाय। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड चारधाम



देवस्थानम प्रबन्धन बोर्ड में सबके हक–हकूकों का ध्यान रखा जायेगा। बैठक में मन्दिरों एवं उनसे जुड़ी प्रमुख पाण्डुलिपियों एवं अन्य ऐतिहासिक महत्व के सामग्री संग्रहण के लिए संग्रहालय बनाने की बैठक में चर्चा की गई है।

बोर्ड की इस पहली बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार द्वारा धार्मिक यात्रा के समुचित संचालन के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जायेगा। उत्तराखण्ड चारधाम देवस्थानम प्रबन्धन बोर्ड का अलग लोगो बनाया जायेगा।

मन्दिरों की सम्पति, निधि, बहुमूल्य वस्तुओं को बोर्ड के प्रबंधन में अन्तरित करने हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी को अधिकृत किया गया है, इसके लिए कार्यवाही संबंधित जिलाधिकारियों द्वारा की जायेगी। उत्तराखण्ड चारधाम देवस्थानम प्रबन्धन बोर्ड का अलग बैंक एकाउण्ट होगा। इसके लिए बैठक में राज्य सरकार द्वारा 10 करोड़ रूपये की धनराशि की स्वीकृति दी गई है। बदरी–केदार मंदिर समिति की अवशेष धनराशि भी उत्तराखण्ड चारधाम देवस्थानम प्रबन्धन बोर्ड में ट्रांसफर की जायेगी। बदरी–केदार मंदिर समिति के कार्मिकों का समायोजन उत्तराखण्ड चारधाम देवस्थानम प्रबन्धन बोर्ड में किया जायेगा। बोर्ड के लिए अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति की जायेगी एवं वित्त नियंत्रक का एक पद सृजित किया जायेगा। उत्तराखण्ड चारधाम देवस्थानम प्रबन्धन बोर्ड में विभिन्न न्यायिक मामलों के लिए ट्रिब्यूनल बनाई जायेगी।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड चारधाम देवस्थानम प्रबन्धन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविनाथ रमन ने कोविड–19 के दृष्टिगत बदरी–केदार मन्दिर समिति के कार्मिकों द्वारा दिये गये एक दिन के वेतन का 05 लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा। उत्तराखण्ड चारधाम देवस्थानम प्रबन्धन बोर्ड के उपाध्यक्ष सतपाल महाराज ने मानव उत्थान सेवा समिति के माध्यम से भी बोर्ड को 05 लाख एक रूपये की धनराशि देने की घोषणा की।

# प्रवासियों को बगैर राशनकार्ड के दो माह तक मिले सस्ता खाद्यान्न

**बैठक**

- नए राशन कार्ड के लिए नहीं काटने होंगे चक्कर, ऑनलाइन होगी प्रक्रिया

देहरादून। **संवाददाता**

काबीना मंत्री मदन कौशिक ने बताया कि उत्ध्तराखंड में बाहर से आ रहे प्रवासियों को बगैर राशनकार्ड के दो माह तक सस्ता खाद्यान्न मिल सकेगा। राज्य की इस मांग को केंद्रीय खाद्य मंत्री के सामने रखा गया, जिसे उन्होंने मान लिया। अब वन नेशन वन कार्ड पर कम अगस्त तक शुरू होगा।

शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्र सरकार के साथ खाद्य विभाग की बैठक सचिवालय में हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने उत्तराखंड का पक्ष रखा है। प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत योजना, वन नेशन वन कार्ड और प्रवासियों को खाद्यान्न के मामले में राज्य की स्थिति रखी। मदन कौशिक ने बताया कि उत्तराखंड में बाहर से आ रहे प्रवासियों को बगैर राशनकार्ड के दो माह तक सस्ता खाद्यान्न देने की मांग को केंद्रीय खाद्य मंत्री ने मान लिया। अब वन नेशन वन कार्ड पर अगस्त तक काम शुरू होगा। इस बैठक में



सचिव खाद्य सुशील कुमार, उप आयुक्त महेंद्र सिंह बिसेन भी मौजूद रहे। अगर आप नया राशन कार्ड बनवाना चाहते है तो अपने पास के राशन डीलर से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए पूर्ति विभाग दफ्तर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। राशन डीलर आपके दस्तावेज विभाग के दफ्तर पहुंचाएगा। विभाग सभी प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी करके राशन कार्ड तैयार करेगा। जिलापूर्ति विभाग ने शारीरिक दूरी का पालन कराने के उद्देश्य से फिलहाल यह व्यवस्था शुरू की है।

लॉकडाउन में ढील मिलने और सीमित कर्मचारियों के साथ सरकारी कार्यालय खुलने के बाद काम भी शुरू हो गया है।

## गुरू रोड पटेलनगर क्षेत्र के कई हिस्से कन्टेंमेंट जोन घोषित

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी डा. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा है कि नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत स्थित गुरू रोड पटेलनगर में कोरोना वायरस संक्रमित व्यक्ति चिह्नित होने के फलस्वरूप कोविड 19 रेगुलेशनस 2020 ईपीडिमिक्स डिसीसेज एक्ट 1857 तथा आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अधीन जनहित में आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करने अपरिहार्य हो गये हैं। गुरू रोड पटेलनगर का वह हिस्सा जिसके पूरब की दिशा में श्याम सिंह नेगी का घर, पश्चिम दिशा में आहूजा टेंट हाउस, उत्तर दिशा में विजय जलाल का घर तथा दक्षिण दिशा में कल्याण सिंह राठौर का आवास है को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है और यह क्षेत्र पूर्ण रूप से लॉकडाउन रहेगा और सभी स्थानीय लोग अपने अपने घरों में ही रहेंगे। लॉकडाउन अवधि में उक्त क्षेत्रान्तर्गत समस्त मार्गों पर बैरिकेंडिंग एवं सुरक्षा उपाय पुलिस विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा और दुकानें, प्रतिष्ठान, कार्यालय आदि पूर्ण रूप से बंद रहेंगे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।